हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 जून 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 मुख्यमंत्री साय ने दी 152 करोड़ से अधिक के ...



11 पोस्टकार्ड के जरिए महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार को ...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
02 जून 2026
कूपन नं. 3

# समर कैंप के समापन में गूंजे गिटार, ढोल और तुड़बुड़ी वाद्ययंत्रों के स्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर बादल आसना में तीस दिवसीय समर कैंप 1 से 30 मई तक किया गया। इसका समापन 31 मई को हुआ। इस समर कैम्प में बादल के कला विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आसना की सरपंच प्रेमवती बघेल और आदिवासी विकास विभाग की सहायक संचालक तनूजा नाग थीं। विशेष अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना की प्राचार्या जमुना ठाकुर रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चो ने गीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुतियां दी। समर कैम्प में हल्बी और गोंडी भाषा का प्रशिक्षण दिया गया जो कि सभी प्रशिक्षार्थियों के लिए अनिवार्य था। प्रशिक्षार्थियों ने अभिभावक एवं अतिथिगणों को हल्बी और भतरी की पहेलियां पूछीं। देशभक्ति और बस्तर के परब गीत की प्रस्तुति दी गई।

■ बादल संस्था के आयोजित कैम्प का हुआ समापन

## हस्तकला और चित्रकला प्रदर्शनी में बच्चों की दिखी प्रतिभा



### लोक नृत्य कालबेलिया की दी प्रस्तुति

नृत्य में गुरु वंदना, राधा नृत्य और राजस्थानी लोक नृत्य कालबेलिया की प्रस्तुति दी गई। वादन विधा में केहोन, जेम्बे, गिटार, ढोल, निसान, तुड़बुड़ी, ढोलक, झाप वाद्ययंत्रों का प्रशिक्षण दिया गया जिसका बच्चों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी हाल में हस्तकला और चित्रकला की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अवलोकन किया। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।



## खबर संक्षेप

### एक ही रात में 3 दुकान में चोरी

**भानपुरी।** भानपुरी चौक में रविवार की रात फल दुकान में अज्ञात चोर ने 20 हजार का माल पार कर दिया। चोरी की दूसरी घटना में एक पान दुकान का ताला तोड़कर लगभग 25 हजार का सामान चोर ले उड़ा। तीसरी चोरी की घटना में होटल से नकद और सामान ले गए। तीनों चोरी की सूचना भानपुरी पुलिस को दी गई है। फल दुकान के संचालक देवू शाहा ने बताया कि काजू, मशरूम, डेरी मिल्क चाकलेट, गुटखा चोर ले गये। वहीं पान दुकान के संचालक लोकेश कश्यप ने बताया कि गुटखा, सिगरेट व पेट्रोल चोर ले गए। तीसरी चोरी की घटना में होटल में रखा तेल व नकदी ले गए। होटल संचालक मुरारी ठाकुर ने बताया कि लगभग 10 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। भानपुरी पुलिस अज्ञात चोर की तलाश कर रही है। एक ही रात में तीन चोरी की घटना से लोगों में भय का माहौल है।

### सुशासन त्यौहार नहीं जनता की समस्याओं पर पर्दा डालने का प्रयास

**घाटलोहंगा।** बस्तर विधायक एवं विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है और आम जनता समस्याओं से जूझ रही है। सरकार बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्व विभाग में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए लोगों से रकम की मांग की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि बिना लेन-देन के नागरिकों के कार्य समय पर नहीं हो रहे हैं। सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में विफल हुई है, जिसके कारण गरीब और मध्यम वर्ग के लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। पंचायतों से सुशासन तिहार के लिए 5 से 20 हजार रुपये तक की वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। पंचायतों में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, कई पंचायतों के जनप्रतिनिधि संसाधनों एवं बजट की कमी से परेशान हैं। प्रदेशभर में पंचायत व्यवस्था कमजोर हो रही है, जिससे ग्रामीण विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा सुशासन त्यौहार से सरपंच परेशान होकर सामूहिक इस्तीफा दे रहे हैं। इस पर प्रतिक्रिया नहीं हैं सरकार अपनी नाकामी छुपाने लगी हैं।



## 76 मतदाताओं में से 74 ने कर दिया था सुबह 10 बजे तक मतदान, भारती बनी पंच

# धुरगुड़ा में पंच चुनाव के लिए मतदान बना रोमांचक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर से लगे ग्राम पंचायत धुरगुड़ा में आज पंच के एक रिक्त पद पर मतदान हुआ। पंचायत भवन के पीछे स्थित शासकीय आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल हाटगुड़ा के मतदान केंद्र में मात्र 76 मतदाता के लिए लगभग 2 दर्जन पुलिस के अफसर और जवानों की तैनाती की गई थी। सांसद महेश कश्यप के गृह क्षेत्र के इस पंचायत चुनाव में कोई झंझट न हो इसलिए बड़ी संख्या में पुलिस जवान सुबह से लेकर मतदान समाप्ति तक तैनात रहे। हरिभूमि ने मतदान केंद्र पहुंचकर हालात का जायजा लिया। जहां विवाद जैसी कोई स्थिति नहीं दिखी बल्कि शांतिपूर्ण स्थिति रही। खास बात यह रही कि कुल 76 मतदाताओं में सुबह 10 बजे तक 3 घंटे में 74 मतदाताओं ने वोट डाल दिया था। मैदान में 2 ही प्रत्याशी के बीच मुकाबला था जिसमें सीढ़ी छाप की प्रत्याशी भारती गोयल को 46 और रापा छाप वाली संगीता ठाकुर को 26 वोट मिले। जिसमें भारती 20 वोट से जीत कर पंच बनी। विशेष बात यह रही कि अन्य गांव गई एक महिला दोपहर लगभग 1 बजे वोट देने पहुंची। तब तक 10 बजे से 1 बजे तक 3 घंटे तक मतदान दल इंतजार में खाली बैठे रहे। उसके बाद एकमात्र मतदाता कुमारी नाग के शादी होकर राजस्थान चले जाने के कारण मतदान का समय 3 बजे तक इंतजार होता रहा। ठीक 3 बजे से मतों की गिनती शुरू हुई और 3:30 बजे निर्वाचित पंच भारती गोयल चुनाव अधिकारी से प्राप्त प्रमाण पत्र लेकर ⏭ शेष पेज 10 पर

■ शादी कर राजस्थान गई एक मतदाता को छोड़ 75 ने किया मतदान





### विवाद की सूचना पर भारी बल था तैनात

पंचायती राज व्यवस्था के सबसे छोटे वार्ड पंच पद के लिए हुए मतदान के दौरान 20 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती के विषय में हरिभूमि ने लोगों से चर्चा की। जिसमें बताया गया कि पुलिस के बड़े अधिकारी को मतदान के दौरान विवाद या माहौल खराब होने की सूचना मिली थी इसलिए यहां लगभग 2 दर्जन अधिकारी और जवान पहुंचकर मोर्चा संभाले थे।

### इंदिरा गांधी वार्ड में 79.7 प्रतिशत मतदान



नगर निगम के इंदिरा गांधी वार्ड में हुए उपचुनाव में मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक हुए मतदान में कुल 1542 मतदाताओं में 1229 ने वोट डाले। जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। 628 महिला और 601 पुरूष मतदाता ने मतदान में भाग लिया। इस तरह मतदान का प्रतिशत 79.7 रहा। सुबह से ही तीनों प्रत्याशी कांग्रेस के रामकृष्ण तिवारी, भाजपा के मनोहर दत तिवारी तथा आप पार्टी की रूबिना कुरैशी मतदान केंद्र आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में समर्थकों के साथ डटे रहे। वहीं भाजपा और कांग्रेस दोनों दल के शहर के बड़े नेता और कार्यकर्ता पोलिंग बूथ के पास जमे रहे और आने वाले मतदाताओं का हाथ जोड़कर स्वागत करते रहे। कांग्रेस नेताओं में पूर्व विधायक रेखचंद जैन सबसे पहले वोट डालने वाले मतदाताओं में शामिल रहे जिन्होंने वोट देने के बाद अंगुली दिखाकर यह संदेश दिया कि मतदान जरूरी है। खास बात यह है कि इसी वार्ड से वे पार्षद ⏭ शेष पेज 10 पर

■ कुल मतदाता 1542 में 628 महिला और 601 पुरुष मतदाता ने किया मतदान

# विद्युत विभाग की लापरवाही से फैब्रिकेशन इकाई ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दंतेवाड़ा की अनुशंसा के 9 माह बाद भी विद्युत कनेक्शन न मिलने से गीदम की एक फैब्रिकेशन इकाई का संचालन ठप पड़ा है। दरअसल मामला यह है कि महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने 18 अगस्त 2025 को पत्र के जरिए कनिष्ठ यंत्री सीएसपीडीसीएल गीदम को पत्र लिखकर मेसर्स इंद्र कुमार जायसवाल फैब्रिकेशन एवं वेल्डिंग वर्कशॉप के लिए 25 एचपी का ट्रांसफार्मर लगाने की अनुशंसा की थी। 18 जुलाई 2025 को आवेदन किया गया था। अनुशंसा पत्र जारी हुए 9 महीने बीत गए लेकिन सीएसपीडीसीएल ने स्थल निरीक्षण तक नहीं किया। आखिरकार 30 अप्रैल 2026 को कंपनी ने आवेदक को 1,24,900 रुपये का डिमांड नोट जारी कर दिया। इसमें लाइन एफोर्डिंग चार्ज 74000 रुपये, एनएससी चार्ज 900 रुपये और सिक्योरिटी डिपॉजिट 50000 शामिल है। इंद्र कुमार जायसवाल का कहना है कि समय पर सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी थीं। बावजूद इसके विभाग ने न तो स्थल देखा और न कनेक्शन दिया। 9 महीने से मशीनें बंद पड़ी हैं। बैंक की किश्त, मजदूरों ⏭ शेष पेज 10 पर

■ सीएसपीडीसीएल ने स्थल निरीक्षण तक नहीं किया

### कहां अटकी फाइल

18 जुलाई 2025 उद्यम आकांक्षा पंजीयन, 18 अगस्त 2025 डीटीआईसी की अनुशंसा, 30 अप्रैल 2026 सीएसपीडीसीएल ने जारी किया डिमांड नोट। 15 मई से पूर्व आवेदक के भुगतान बाद भी 1 जून 2026 तक कनेक्शन नहीं।

### इंजीनियर का फोन मिला बंद

इस संबंध में विद्युत विभाग के उप अभियंता अविनाश लकड़ा से संपर्क कर उनका पक्ष लेने की कोशिश की गई। लेकिन फोन बंद होने के कारण उनसे चर्चा नहीं हो पाई।

# महापौर और जनप्रतिनिधियों ने किया स्वीमिंग पुल का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नेताजी सुभाष चंद्र बोस तरणताल का शुभारंभ सोमवार को हुआ। दो बार निविदा निकालने के बाद भी किसी संस्था एवं फर्म ने भाग नहीं लिया। इसलिए स्विमिंग पूल का संचालन नगर निगम स्वयं करेगी। आज महापौर संजय पांडेय व जनप्रतिनिधियों ने शुभारंभ किया। इस दौरान महापौर ने परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए कहा। इसके अलावा विद्युत व्यवस्था, साउंड सिस्टम, चेंजिंग रूम, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को देखा। महिलाओं एवं युवाओं के लिए अलग अलग ट्रेनर की व्यवस्था की गई है। महापौर ने कहा कि गर्मी के मौसम में स्विमिंग पूल शुरू होने से शहरवासियों विशेषकर युवाओं और बच्चों को राहत एवं मनोरंजन का साधन मिलेगा। तय की गई निर्धारित शुल्क और समय के आधार पर लोग आनंद ले सकते हैं।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, राणा घोष, श्वेता बघेल, गायत्री कश्यप, उर्मिला यादव, संतोष गौर, पार्षद पितामह नायक, पारुल बोथरा, श्याम सुंदर बघेल, खगेंद्र ठाकुर, दिलीप दास, राकेश झलके सहित निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ ठेकेदार नहीं अब नगर निगम करेगा संचालन

## उपचुनाव के समय तरणताल का शुभारंभ जनता को रिझाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि महापौर ने इंदिरा वार्ड के उप चुनाव के दौरान तरणताल का शुभारंभ कर शहर के मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को सिर्फ चुनाव के समय ही सारे कार्य याद आते हैं। शहर की जनता लंबे समय से पेयजल, जर्जर सड़कों, नालियों की सफाई, जलभराव, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से जूझ रही है। नगर निगम को इन समस्याओं के स्थायी समाधान पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन महापौर दिखावे की राजनीति को प्राथमिकता देते है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में विकास की बजाय केवल उद्घाटन और शिलान्यास की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है।






## युकां ने बकावंड ब्लाक के छात्रावासों की बदहाल स्थिति पर अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# आश्रमों एवं छात्रावासों की स्थिति जर्जर, मूलभूत सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

युवा कांग्रेस ने आज आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त के नाम अपर कलेक्टर सी.पी. बघेल को ज्ञापन सौंपकर बकावंड विकासखंड के आश्रमों एवं छात्रावासों की जर्जर स्थिति तथा मूलभूत सुविधाओं की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया है। युकां नेता हेमंत कश्यप के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया गया कि बकावंड क्षेत्र के अनेक आश्रमों एवं छात्रावासों में भवनों की स्थिति खराब है। छात्र-छात्राओं को पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। आगामी शैक्षणिक सत्र एवं वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए इन संस्थानों में तत्काल मरम्मत एवं आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने की आवश्यकता है। युकां नेता ने कहा कि आदिवासी अंचल के छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त करने के लिए आश्रमों एवं छात्रावासों पर निर्भर हैं। यदि समय रहते आवश्यक सुधार एवं मरम्मत कार्य नहीं किए गए तो विद्यार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि बकावंड विकासखंड के सभी आश्रमों एवं छात्रावासों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत, स्वच्छ पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालयों की मरम्मत तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर आवासीय वातावरण उपलब्ध हो सके। अपर कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीणजन एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता विजय भारती, सुनील बिसाई, रामदास बघेल, हादमो कश्यप, सुदर कश्यप, सुखदेव कश्यप, तोरका बघेल, रामलाल मंडावी, देवनाथ ठाकुर, एकादशी बघेल, रामचंद्र बघेल एवं मुकेश देवागन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### 10 क्विंटल फूलों से सजे श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**धमतरी।** श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में रविवार को दो दिव्य एवं भव्य मनोरथ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री गोवर्धननाथजी का 10 क्विंटल से अधिक सुगंधित और आकर्षक फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। शाम 6 से 8 बजे तक दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान की मनोहारी छटा का दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन के तहत पहला मनोरथ फूलों का सघन वन रहा, जिसके मनोरथी श्रीमती रूक्मणि देवी-गोपालदास अग्रवाल परिवार थे। इस अवसर पर भगवान के लिए भव्य पुष्प बंगला तैयार किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। कोलकाता से आमंत्रित कारीगरों ने लगभग 12 घंटे की मेहनत से मंदिर परिसर और पुष्प बंगले को भव्य स्वरूप दिया। सजावट में सेवंती, लाल सेवंती, कमल, रातरानी सहित विभिन्न प्रकार के ताजे एवं रंग-बिरंगे फूलों का उपयोग किया गया। फूलों की सुगंध और आकर्षक सज्जा ने पूरे मंदिर परिसर को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया। दूसरा मनोरथ महारास (रास गरबा) था जिसके मनोरथी श्री गोपी सत्संग मंडल, गुजराती कॉलोनी रहे।

### चालीस वर्षों के विश्वास पर लगा घात

**धमतरी।** शहर के सराफा बाजार में उस समय हड़कंप मंच गया जब एक विश्वासपात्र युवक लाखों रूपए के जेवरात के साथ फरार हो गया। मामला संचेती ज्वेलर्स का है जहां 40 साल से कारीगर का काम कर रहे कारीगर के बेटे ने अमानत पर खयानत का काम किया है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। सदर बाजार स्थित संचेती ज्वेलर्स के संचालक जसराज जैन ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सदर बाजार में उसकी सोने-चांदी की दुकान है। यह दुकान रमेशकुमार, दिलीपकुमार के नाम से है जहां चिंतामणि सोनी पिछले 40 साल से कारीगर का काम कर रहा है। चिंतामणि के पुत्र हेमंत सोनी को विश्वासपात्र मानकर जेवरात को बिक्री करने के लिए देते थे। वह फरवरी माह में सोने का हार, चेन आदि 212.770 ग्राम कीमत 34 लाख रुपए का जेवर बिक्री करने के लिए ले गया था। इस मामले में सीएसपी शैलेंद्र पांडे ने बताया कि युवक सराफा दुकान से 70 लाख का जेवरात लेकर फरार है। वह पीडब्ल्यूडी विभाग में डेलीविजेस पर कम्प्यूटर आपरेटर का काम करता था। उसके खिलाफ पुलिस अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। युवक के बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के लोगों का कहना है कि युवक पिछले दो माह से काम पर नहीं आ रहा है। इस खबर से विभाग के लोग भी सकते में हैं।

### चाकू की नोक पर लूट करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार



**कुरूद।** भखारा थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान परिसर में युवक से चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे आरोपी समीर निर्मलकर को भखारा पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 मई को प्रार्थी अपने बड़े भाई के कहने पर शराब और डीजल खरीदने के लिए तीन हजार रुपये लेकर भखारा आया था। रात करीब आठ बजे वह भखारा शराब दुकान परिसर पहुंचा, जहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उससे रुपये की मांग की। प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी अंशुमन साहू ने उसके गले पर धारदार चाकू अड़ा दिया। वहीं लोकेश पटेल और एक विधि से संघर्षरत बालक ने उसे पकड़ लिया। इसी दौरान समीर निर्मलकर ने मारपीट कर प्रार्थी के पास रखे तीन हजार रुपये और रेडमी मोबाइल फोन लूट लिया।

---

**आयोजन:** 14 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 29 नए विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री साय ने दी 152 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात, बड़ेकनेरा समाधान शिविर में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/नारायणपुर



सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्राम बड़ेकनेरा में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में शामिल होकर विभिन्न विभागों के स्टालों में योजनाओं का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने 152 करोड़ 18 लाख 84 हजार रुपए लागत के 43 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

■ सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता से सीधा संवाद : विष्णुदेव

मुख्यमंत्री श्री साय ने 96 करोड़ 30 लाख 63 हजार रुपये की लागत के 14 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 55 करोड़ 88 लाख 21 हजार रुपये की लागत के 29 नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों से जिले में सड़क, सिंचाई और अधोसंरचना विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने नारंगी नदी स्थित स्टॉप डेम सह पुलिया के जीर्णोद्धार के लिए 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। साथ ही केशकाल–बांसकोट–माकड़ी–एरला मार्ग के मजबूतीकरण, बड़ेकनेरा से बड़ेबेंद्री, बाईकापदर और चिपावंड तक सड़क निर्माण तथा नवागुड़ा मार्ग निर्माण की घोषणा की। कोसारटेडा में पर्यटन विकास कार्य, बड़े कनेरा में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, विश्रामपुरी में गोंडवाना भवन तथा केशकाल में सर्व आदिवासी समाज भवन निर्माण की घोषणा की गई। बड़ेकनेरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार की भी घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य केवल योजनाओं की समीक्षा नहीं, बल्कि जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने बताया कि 1 मई से 10 जून तक चल रहे इस अभियान में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपएस की सहायता दी जा रही है। वहीं तेंदूपत्ता संग्रहण दर बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को 400 से अधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने जून माह से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शुरू करने की घोषणा भी की, जिससे नागरिक घर बैठे अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सीएम ने कराया गृह प्रवेश, चमन लाल के परिवार का वर्षों पुराना सपना हुआ साकार



सुशासन तिहार के दौरान कोंडागांव जिले के ग्राम बड़ेकनेरा में एक परिवार की जिंदगी में खुशियों की नई सुबह आई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही चमन लाल पवार को उनके नवनिर्मित पक्के मकान में सपरिवार गृह प्रवेश कराया। मुख्यमंत्री को अपने घर की चौखट पर देखकर परिवार भावुक हो उठा और वषोंर् का संघर्ष खुशी के आंसुओं में बदल गया। चमन लाल ने बताया कि उनका परिवार लंबे समय तक कच्चे मकान में रहने को मजबूर था। बरसात के मौसम में छत टपकती थी और आंधी–तूफान के दौरान पूरी रात चिंता में गुजरती थी। पक्का मकान मिलने के बाद अब परिवार को सुरक्षा और सम्मान दोनों का एहसास हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब बारिश, तूफान और खराब मौसम की चिंता नहीं रहती। यह मकान उनके लिए केवल चार दीवारें नहीं, बल्कि एक नई जिंदगी की शुरुआत है। इस आवास की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह बस्तर संभाग का पहला प्रधानमंत्री आवास बन गया है, जिसमें प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर सिस्टम स्थापित किया गया है। सोलर ऊर्जा से घर की बिजली आवश्यकताएं पूरी हो रही हैं और बिजली खर्च में भी उल्लेखनीय कमी आई है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रें में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी है। चमन लाल का परिवार शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित हो रहा है। पत्नी घंसतीन बाई और बहू संगीता पवार को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। खेती–किसानी के लिए विभिन्न शासकीय योजनाओं से सहायता प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का घर मिला। पीएम सूर्य घर योजना से सोलर सिस्टम स्थापित हुआ। इन योजनाओं ने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गृह प्रवेश के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक परिवार सम्मान और सुरक्षा के साथ जीवन यापन कर सके। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान चमन लाल और उनके परिवार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना और पीएम सूर्य घर योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बड़ेकनेरा का 'सेवा सेतु' मॉडल बना ग्रामीण सुशासन का नया उदाहरण, मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने किया निरीक्षण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में स्थापित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से चर्चा कर योजनाओं की पहुंच और प्रभाव का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान श्रीमती कौशल्या मानिकपुरी ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सहायता से खेती–किसानी के साथ–साथ घरेलू जरूरतों को पूरा करने में भी काफी सहूलियत मिल रही है। इसी प्रकार श्रीमती सुमति मानिकपुरी, श्रीमती अमिल मानिकपुरी और श्रीमती पचमती बघेल ने महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें आर्थिक रूप से अधिक आत्मनिर्भर बनाया है। वृद्धावस्था पेंशन एवं महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त कर रही श्रीमती वेंकटरमणा जंगम से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गरीब, किसान और महिला तक योजनाओं का लाभ सरलता और पारदर्शिता के साथ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि 'सेवा सेतु' अभियान और अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीण क्षेत्रें में डिजिटल सुशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं को ग्रामीणों तक सहज, सरल और त्वरित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में 'सेवा सेतु' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर अनेक शासकीय और डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### एक ही छत के नीचे मिल रही दर्जनों सुविधाएं

अटल डिजिटल सुविधा केंद्र में आवेदन प्रेषण के लिए मात्र 30 रुपए तथा प्रिंट आउट के लिए 5 रुपए प्रति पृष्ठ की दर से सेवाएं उपलब्ध हैं। यहां आय, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु पंजीयन, विवाह पंजीयन तथा भवन निर्माण अनुज्ञा जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा नकद आहरण, फंड ट्रांसफर, पेंशन सेवाएं, जीवन, सामान्य एवं —षि बीमा, पैन कार्ड एवं पासपोर्ट आवेदन, बिजली बिल भुगतान, यात्र टिकट बुकिंग तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन पंजीयन भी इसी केंद्र के माध्यम से किया जा रहा है।

### हर माह 15 से 20 लाख का डिजिटल लेन–देन

अटल डिजिटल सुविधा केंद्र में 'सेवा सेतु मैनेजर' के रूप में कार्यरत संजय मिश्रा ने बताया कि केंद्र के माध्यम से प्रतिमाह लगभग 15 से 20 लाख रुपये का डिजिटल ट्रांजेक्शन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस पहल ने उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार का अवसर प्रदान किया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हुई है। डिजिटल सेवाओं और सुशासन के इस अभिनव मॉडल से ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा के ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अब विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही उपलब्ध हो रहा है, जिससे समय, श्रम और धन तीनों की बचत हो रही है। बड़ेकनेरा का 'सेवा सेतु' मॉडल ग्रामीण क्षेत्रें में डिजिटल सशक्तिकरण और सुशासन की नई मिसाल बनकर उभर रहा है।

---

## तपती दोपहरी में भी महतारी वंदन के ई-केवाईसी के लिए लग रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के लिए ई केवाईसी अनिवार्य किए जाने के बाद महिलाओं की भीड़ सीएससी और चॉइस सेंटर में बढ़ने लग गई है। शासन द्वारा 30 जून तक ई केवाईसी पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ई केवाईसी नहीं होने की स्थिति में योजना की राशि प्रभावित होने की आशंका के चलते महिलाएं तपती दोपहर में भी केन्द्रो तक पहुंच रहे है। योजना के तहत मिलने वाले एक हजार रुपए की मासिक सहायता राशि महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण सहारा बनी हुई है, खासकर जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं इस राशि का उपयोग घरेलू जरूरतो के लिए कर रही है।हालांकि बार-बार होने वाली प्रक्रियाओं से महिलाओं में परेशानी देखी जा रही है। कई महिलाएं यह आशंका जता रही है कि यदि समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो उनका नाम योजना से कट सकता है..। सीएससी केंद्र संचालक चुम्मन लाल बघेल ने बताया कि ई केवाईसी का कार्य जिले के चिन्हित सीएससी केन्द्रो और आंगनबाड़ी केंद्रों की ईद के माध्यम से निशुल्क किया जा रहा है। इसके लिए केंद्र मे लेपटॉप और बायोमेट्रिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, आगे चुम्मनबघेल ने बताया कि वर्तमान प्रक्रिया के लिए आधार कार्ड और महतारी वंदन योजना का पंजीयन नंबर अनिवार्य है, प्रक्रिया सरल होने के बावजूद महिलाओं को बार-बार चॉइस सेंटर और आंगनबाड़ी केन्द्रो के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## ग्राम पंचायत ओटेंडा में कांग्रेस समर्थित बुधराम नेताम बने सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ओटेंडा के सरपंच पद के लिए हुए निर्वाचन में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बुधराम नेताम विजयी घोषित हुए हैं। उनकी जीत के बाद गांव में उत्साह का माहौल देखा गया। समर्थकों और ग्रामीणों ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा नव निर्वाचित सरपंच को शुभकामनाएं दीं। सरपंच पद पर निर्वाचित होने के बाद बुधराम नेताम ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे गांव की जीत है। उन्होंने कहा कि पंचायत के सर्वांगीण विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव के सभी वगोंर् को साथ लेकर पारदर्शी और जनहितकारी पंचायत प्रशासन संचालित किया जाएगा। बुधराम नेताम की जीत के बाद कांग्रेस संगठन में भी उत्साह का माहौल देखा गया। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में ग्राम पंचायत ओटेंडा विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता ने विकास, विश्वास और जनसेवा की भावना पर मुहर लगाई है। यह जीत ग्रामीणों के भरोसे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। नवनिर्वाचित सरपंच बुधराम नेताम ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी ग्रामीणों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। उन्होंने गांव के युवाओं, महिलाओं और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष प्रयास करने का भरोसा भी दिलाया।

## वार्ड-01 में भाजपा-कांग्रेस समर्थकों के बीच हुई हल्की नोकझोंक के बीच मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 एवं 12 में पार्षद पद के लिए सोमवार को हुए उपचुनाव का मतदान शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। दोनों वार्डों में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसके चलते मतदान प्रतिशत 87 से 90 प्रतिशत के बीच दर्ज किया गया। चुनाव के दौरान वार्ड क्रमांक 1 में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच कुछ समय के लिए हल्की नोकझोंक हुई, लेकिन प्रशासन और पुलिस की सतर्कता से मामला तत्काल शांत हो गया। हुईसुबह 8 बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम 5 बजे तक चली। वार्ड क्रमांक 01 के लिए डिपो कॉलोनी स्थित शासकीय भवन तथा वार्ड क्रमांक 12 के लिए आदर्श स्कूल को मतदान केंद्र बनाया गया था। मतदान के दौरान दोनों केंद्रों पर मतदाताओं की लगातार आवाजाही बनी रही। वार्ड क्रमांक 12 में महिला मतदाताओं का विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां सुबह से ही महिलाओं की लंबी कतारें मतदान केंद्र के बाहर नजर आईं। मतदान के आंकड़ों पर नजर डालें तो वार्ड क्रमांक 01 में कुल 313 मतदाताओं में से 284 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे 90.71 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। वहीं वार्ड क्रमांक 12 में कुल 293 मतदाताओं में से 255 मतदाताओं ने मतदान किया और यहां 87.03 प्रतिशत मतदान हुआ। उपचुनाव में मिले इस शानदार जनसमर्थन ने स्थानीय लोकतंत्र के प्रति लोगों की जागरूकता और विश्वास को एक बार फिर साबित किया है।

■ फरसगांव उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुआ संपन्न

### अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

मतदान को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम तथा एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, नायब तहसीलदार निधि नेताम, सीएमओ मयंक बसन्तवानी के द्वारा लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। दोनों केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास और राजकुमार शोरी ने भी समय-समय पर मतदान केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### 4 जून को मतगणना

मतदान समाप्ति के बाद मतदान दलों ने ईवीएम मशीनों और अन्य चुनावी सामग्री को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में जमा कराया। अब सभी की निगाहें 4 जून को होने वाली मतगणना और परिणामों पर टिकी हुई हैं। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 01 में कांग्रेस प्रत्याशी उमेश सोना और भाजपा प्रत्याशी प्रेम नाग आमने-सामने हैं, जबकि वार्ड क्रमांक 12 में कांग्रेस की सावित्री मरकाम और भाजपा की छबीला नेताम के बीच मुकाबला है। उपचुनाव के नतीजे यह तय करेंगे कि दोनों वार्डों में मतदाताओं ने किस उम्मीदवार पर अपना भरोसा जताया है।

---

**पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा की पहल से गांव-गांव पहुंच रहा प्रशासन**

## सहयोग चौपाल बनी विवाद समाधान का माध्यम, मिरमिंडा का बड़ा विवाद हुआ हल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोंडागांव पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी विवादों और छोटी–छोटी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू की गई नई पहल ष्सहयोग चौपालष सकारात्मक परिणाम देने लगी है। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा की पहल पर शुरू किए गए इस अभियान के तहत पुलिस और प्रशासन सीधे गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही समाधान का प्रयास कर रहे हैं। सहयोग चौपाल के माध्यम से अब ग्रामीणों को छोटी–छोटी समस्याओं और विवादों के समाधान के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम गांवों में पहुंचकर सीमांकन विवाद, आपसी मनमुटाव, मुआवजा संबंधी समस्याएं, पारिवारिक विवाद तथा विधिक परामर्श जैसे मामलों का निराकरण कर रही है। इस पहल का उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास एवं सहभागिता को मजबूत करना है। हाल ही में माकड़ी क्षेत्र के ग्राम मिरमिंडा में निवासरत गांडा समाज के लोगों ने शिकायत की थी कि गांव के अन्य लोगों द्वारा उनके समाज का बहिष्कार किया जा रहा है तथा सामाजिक संबंधों में दूरी बनाई जा रही है। इस विवाद के कारण गांव दो गुटों में बंट गया था और माहौल संवेदनशील हो गया था। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी माकड़ी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान एवं तहसीलदार अंकुर रात्रे के नेतृत्व में ग्राम मिरमिंडा में विशेष सहयोग चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों पक्षों को आमने–सामने बैठाकर उनकी बातें सुनी गईं और आपसी सौहार्द, भाईचारे तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने की समझाइश दी गई। चौपाल में हुई चर्चा के बाद दोनों पक्ष गांव में मिल–जुलकर रहने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर सहमत हुए। सहमति के आधार पर पंचनामा तैयार किया गया और लंबे समय से चला आ रहा विवाद शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया।

### पुलिस ने जनसहयोग की अपील की

कोंडागांव पुलिस ने कहा है कि ष्सहयोग चौपालष अभियान जिले के सभी क्षेत्रें में लगातार संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से इस पहल में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही गांवों में शांति, सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत किया जा सकता है। सहयोग चौपाल' के जरिए कोंडागांव पुलिस कानून–व्यवस्था के साथ सामाजिक समरसता और जनविश्वास को भी मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

## पेज 9 के शेष

### घुरगुड़ा में पंच चुनाव ...

कमरे से बाहर निकली। उसके पति जयदेव ने पत्नी को जीत की बधाई दी। इस दौरान न कोई तामझाम दिखा न समर्थकों की भीड़। हरिभूमि से चर्चा के बाद पति पत्नी पैदल ही अपने घर चल पड़े। इस तरह 76 मतदाताओं में 75 ने मतदान किया जो लगभग शत प्रतिशत रहा। इनमें 3 मत निरस्त हुए। 72 वैध मतों में भारती को 46 और संगीता को 26 वोट प्राप्त हुए।

नगर सैनिक बनने पर रीना ने छोड़ा था पंच पद : पंचायत सचिव मनुलाल साहू ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि यहां पंच पद के लिए उपचुनाव इसलिए हुआ क्योंकि पूर्व में निर्वाचित पंच रीना नाग नगर सैनिक बनने से पंच के पद से त्याग पत्र दी थी। बहरहाल बिना किसी विवाद या बाधा के मतदान और मतगणना दोनों सम्पन्न हो गया।

### इंदिरा गांधी वार्ड में ....

भी रहे और विधायक भी बने। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, पूर्व महापौर जतीन जायसवाल, अनवर खान भी कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जमे रहे। दूसरी ओर भाजपा की ओर से महापौर संजय पांडेय, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय, पार्षद आलोक अवस्थी, संग्राम राणा, रोशन झा, मनीष पारख सहित अन्य नेता डटे रहे। इस तरह मतदान समाप्ति के बाद 3 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में कैद हो गया। बताया गया कि 4 जून को कलेक्टोरेट में सुबह 9 बजे से मतों की गिनती होगी और उसके बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। तब तक सभी अपने अपने जीत के दावे कर रहे है। कुल मिलाकर मतदान के दौरान शांतिपूर्ण व्यवस्था रही।

### विद्युत विभाग की ....

का वेतन और कच्चे माल में लगाया पैसा फंसा हुआ है। जायसवाल ने बताया कि वे कई बार स्थानीय कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आवेदक ने विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि देरी के लिए जवाबदेही तय हो। तत्काल स्थल निरीक्षण कर कनेक्शन दिया जाए।

खबर संक्षेप




## सामूहिक छुट्टी के कारण तहसील में कामकाज ठप

**दुर्गूकोंदल।** नायब तहसीलदार तुषार मानिक प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में सोमवार को प्रदेशभर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सामूहिक अवकाश पर रहे। इसके चलते दुर्गूकोंदल तहसील सहित प्रदेश के सभी तहसील कार्यालयों में राजस्व कार्य प्रभावित रहे। राजस्व न्यायालयों की सुनवाई, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, भूमि सत्यापन एवं अन्य सेवाएं बाधित रहीं। दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों और किसानों को निराश होकर लौटना पड़ा। राजस्व अधिकारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रह सकता है।

## हवाई अड्डों से नियमित उड़ान हो रही संचालित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के अंतर्गत जगदलपुर, बिलासपुर एवं अम्बिकापुर हवाई अड्डों से विभिन्न गंतव्यों के लिए नियमित विमान सेवाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यालय संभागायुक्त बस्तर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदलपुर हवाई अड्डा से रायपुर एवं हैदराबाद, बिलासपुर हवाई अड्डे से अम्बिकापुर, प्रयागराज और कोलकाता तथा अम्बिकापुर हवाई अड्डे से दिल्ली, कोलकाता और बिलासपुर की नियमित विमान सेवाएं प्रारंभ हो गई हैं। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी विभागों व कार्यालय प्रमुखों को इन विमान सेवाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं।

## पुरानी रंजिश को लेकर बांस से की पिटाई युवक का सिर फूटा



**कांकेर।** पीव्ही 24 रूपनगर के पुराने मंदिर से जुड़ा विवाद एक युवक पर भारी पड़ गया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई, जब एक व्यक्ति ने गुस्से में आकर बांस के डंडे से युवक के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीव्ही-24 रूपनगर निवासी 29 वर्षीय नेपाल विश्वास ने पखांजुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि वह 31 मई को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पखांजुर से काम कर घर लौटा था और आराम कर रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी ने उसे बताया कि उसके बड़े भाई रंजीत विश्वास के साथ किसी ने मारपीट की है और वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। शिकायतकर्ता जब घर से बाहर निकला तो उसने देखा कि उसका भाई रंजीत विश्वास खून से लथपथ हालत में था। इसके बाद तत्काल डायल 112 की सहायता से घायल को सिविल अस्पताल पखांजुर पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

# अनिश्चितकालीन कलमबंद, कामबंद से राजस्व व शासकीय कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सीतापुर के नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ मारपीट की घटना के विरोध में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार से तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी है। मंडी परिसर में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की गई।

गौरतलब है कि सरगुजा के सीतापुर में नायब तहसीलदार की पिटाई के विरोध में कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के आह्वान पर प्रदेश समेत बस्तर जिले में तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने अनिश्चितकालीन कलमबंद, कामबंद हड़ताल शुरू कर दिया है। सरगुजा जिला के सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रामकुमार टोप्पो और नायब तहसीलदार तुषार मानिक के बीच हुए विवाद ने अब प्रदेशव्यापी आंदोलन का रूप ले लिया है। घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने सोमवार से कामबंद-कलमबंद आंदोलन शुरू कर दिया है। इसके तहत प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार सामूहिक अवकाश पर रहते हुए अपने कार्यों का बहिष्कार कर रहे हैं। इस आंदोलन में बस्तर जिले के तहसीलदार और नायब तहसीलदार सामूहिक अवकाश लेकर स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रदर्शन कर रहे हैं।

संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि 27 मई को विधायक रामकुमार टोप्पो और नायब तहसीलदार तुषार मानिक के बीच हुए विवाद से प्रशासनिक अधिकारियों में नाराजगी है। मामले में विधायक व समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की गई है। तहसीलदार राहुल गुप्ता ने बताया कि सोमवार को राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टोरेट में ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

### मंडी परिसर में तहसीलदारों की बेमियादी हड़ताल शुरू



### कड़ी कार्रवाई की मांग

जगदलपुर तहसीलदार व संघ के जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने बताया कि सीतापुर में नायब तहसीलदार के साथ जो मारपीट की घटना हुई उसके विरोध में कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के आह्वान पर काम बंद, कलमबंद प्रदर्शन करते हुए नायब तहसीलदार के साथ हिंसक घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। बकावंड तहसीलदार जागेश्वरी गावड़े ने कहा कि वह नायब तहसीलदार के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में न्याय की मांग और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि न्याय की इस लड़ाई में वह नायब तहसीलदार तुषार मानिकपूरी के साथ खड़े हैं।

### संगीत समूह कलरव ने मनाया अपना द्वितीय वार्षिकोत्सव

# कलरव की वर्षगांठ पर अनुनाद की स्वर लहरियों ने किया मंत्र मुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संगीत समूह कलरव ने अपने द्वितीय वार्षिकोत्सव पर रविवार को शौर्य भवन में अनुनाद 2 कार्यक्रम का आयोजन किया। कलाकारों ने 26 से अधिक फिल्मी गाने गाकर अपनी स्वर लहरियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे, चैंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की दीप्ति पांडे, साहू समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष शिल्पा साहू सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी रही।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कलरव परिवार को द्वितीय वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी साथ ही कलरव द्वारा विगत दो वर्षों में संगीत के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की जमकर तारीफ की। कलरव ने अपने दूसरे वार्षिकोत्सव को भव्यता प्रदान करने वरिष्ठ कलाकारों छत्तीसगढ़ से वरिष्ठ उद्घोषक एवं रंगकर्मी एमए रहीम एवं उड़ीसा से मशहूर बांसुरी वादक धीरेन मोहन पटनायक के साथ मंच साझा किया। एमए रहीम ने डॉल्फिन के बी ग्रुप भिलाई के संगीतकारों के साथ माउथ ऑर्गन से सुरीली धुन बजाई और पटनायक ने अपनी बांसुरी की धुन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

संगीत कार्यक्रम की शुरुआत बंशी साहू द्वारा शिरडी वाले साईं बाबा गीत के साथ हुई और इसके बाद कुल 26 सोलो एवं युगल गीतों की प्रस्तुतियां हुई। कलरव का मंच एवं कलाकार बैंगनी रंग से सराबोर थे। मंच पर भारत के दिग्गज संगीत कलाकारों के तैल चित्र कार्यक्रम को भव्यता प्रदान कर रहे थे। देर रात तक संगीत का कार्यक्रम चलता रहा लेकिन दर्शकों की उपस्थिति अंतिम गीत तक हुई। मंच संचालन कविता बिजौलिया ने किया। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने अफजल अली, रेशमा अली, रजनीश, दीपाली, गरिमा सिंह, कृष्णा वर्मा, समीर सेन, एवं अन्य सदस्य जुटे हुए थे।









### इनका हुआ सम्मान

उड़ीसा के संगीतकार धीरेन मोहन पटनायक एवं जगदलपुर के एमए रहीम को कलरव परिवार द्वारा शाल एवं श्रीफल के साथ स्मृति चिन्ह कला श्री देकर सम्मानित किया गया। बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के लिए कर्म श्री सम्मान की घोषणा की गई।

### ये गाने प्रस्तुत हुए

सोचेंगे तुम्हे प्यार करके नहीं, होगा तुमसे प्यार कौन, छलकाए जाम आपकी, चमकते चांद को, सोलह बरस की बाली, मस्त बहारों का मै आशिक, याद आ रहा है, बदन पे सितारे, दर्द ए दिल दर्दए, ओ मांझी रे, फिरता रहूं दर ब दर, नाकाबंदी, है अपना दिल तो आवारा, सावन को आने दो एकल गीतों के साथ कई युगल प्रस्तुतियां भी हुई। ऐसा जादू है मेरे बस्तर में गीत की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

### ये रहे गायक कलाकार

एलपी सोनी, आशा सोनी, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ काशी, प्रशांत वर्मा, विश्वजीत भट्टाचार्य, पंकज सिंघल, संग्राम राणा, रंजीत गौतम, पूजा झा, कुर्बान अली, मुईन भाई, दीक्षा सोनी, शैलेश जारी, महेश ठाकुर, निशांत मिश्रा, अबलेश कुमार। इनके साथ कोरस में साथ दिया दीपक वाधवानी, माही श्रीवास्तव एवं गौरी दत्ता।

## भडरीमऊ के ग्रामीणों को राशन लेने 13 किलोमीटर दूर ककालगुर नहीं जाना पड़ेगा



■ समाधान शिविर में ग्रामीणों ने कलेक्टर से की थी गुहार

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के दरभा विकासखंड के ग्राम पंचायत ककालगुर के आश्रित ग्राम भडरीमऊ और आसपास के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए मीलों का सफर तय करने की परेशानी से अब हमेशा के लिए मुक्ति मिलने वाली है। शासन भडरीमऊ में जल्द ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान खोलने की तैयारी पूरी कर ली है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तोकापाल ने 5 जून तक योग्य समितियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। दरअसल बीते 9 अप्रैल को समाधान शिविर में ग्रामीणों की इस दिक्कत को देखते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने तत्काल भडरीमऊ में नई शासकीय उचित मूल्य दुकान खोलने के निर्देश दिए थे। जिसके अनुपालन में एसडीएम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भड़रीमऊ क्षेत्र के लगभग 260 परिवारों को अब तक केवल राशन लेने के लिए 13 किलोमीटर दूर ककालगुर जाना पड़ता था। हालांकि दरभा से कोलेंग जाने वाला मुख्य मार्ग अच्छी है, लेकिन दूरी अत्यधिक होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी होती थी। लेकिन अब गांव में ही नई दुकान खुल जाने से ग्रामीणों को इस थका देने वाले सफर से पूरी तरह आजादी मिल जाएगी।

इस नई उचित मूल्य दुकान के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन ने आवेदन की प्रक्रिया 22 मई से प्रारंभ कर दी है, जो 5 जून तक चलेगी। इस दुकान के संचालन हेतु क्षेत्र की पंजीकृत सहकारी समितियां, ग्राम पंचायत, महिला स्व-सहायता समूह और वन सुरक्षा समितियां आवेदन करने के लिए पात्र होंगी। सभी इच्छुक समितियों एवं समूहों को निर्धारित समयावधि के भीतर अपने आवश्यक संपूर्ण दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तोकापाल में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

# उदय नगर के आधार सेवा शिविर से मोहल्लेवासियों हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उदय नगर वार्ड में आयोजित दो दिवसीय आधार सेवा शिविर में लोगों ने पहुंचकर नया आधार कार्ड बनवाया तथा अपने दस्तावेजों में आवश्यक संशोधन कराए। इस जनहितकारी पहल से लोगों का समय और धन दोनों बचा, जिससे वार्डवासियों में खुशी और संतोष का माहौल देखने को मिला।

उदय नगर वार्ड में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 30 एवं 31 मई को आंगनबाड़ी केंद्र में दो दिवसीय आधार कार्ड सेवा शिविर का आयोजन प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक किया गया। संचालित इस शिविर में वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधार कार्ड से संबंधित विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान लगभग 55 से अधिक नागरिकों, महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठजनों ने पहुंचकर नया आधार कार्ड बनवाया। इसके अलावा अनेक लोगों ने अपने आधार कार्ड में नाम, पता, मोबाइल नंबर तथा अन्य आवश्यक जानकारी का संशोधन एवं अपडेट भी कराया। स्थानीय स्तर पर इस सुविधा के उपलब्ध होने से लोगों को दूर स्थित सेवा केंद्रों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे उनका समय और आर्थिक खर्च दोनों बच सके। शिविर



के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि भविष्य में भी नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे जनहितकारी शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा।

वार्ड पार्षद चंद्रलोक सिंह ठाकुर ने बताया कि आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं के समाधान और नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इस विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आधार कार्ड विभिन्न शासकीय योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का आधार अद्यतन होना बेहद जरूरी है।

# ग्रामीणों ने जीवन में सदाचार, नशामुक्ति तथा भक्ति मार्ग अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संत रामपाल महाराज के लिखित पुस्तक ज्ञान गंगा, जिने की राह, गीता तेरा ज्ञान अमृत, भक्ति से भगवान तक जैसे अध्यात्मिक ज्ञान से परिपूर्ण किताबें ग्रामीण क्षेत्र में अनुयायी पहुंचा रहे हैं। पिछले 28, 29 एवं 30 मई को बस्तर और

■ बस्तर और बकावंड ब्लाक के अनेक गांव में भगवत गीता समेत धार्मिक पुस्तकें घर पहुंचकर सेवादारों ने दी

बकावंड ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोहलई, चारगांव, लावागांव, तारेका, किंजोली, भानपुरी, केसरपाल, बनियागांव, तुरपुरा, सोरगांव, सालेमेटा एवं खंडसरा में तेज धूप और भीषण गर्मी के बावजूद आध्यात्मिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार का विशेष अभियान



चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को पवित्र वेदों, श्रीमद्भगवद्गीता तथा अन्य सदग्रंथों में वर्णित तत्वज्ञान से परिचित कराया गया।

प्रचार के दौरान श्रद्धालुओं को बताया गया कि श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 15 श्लोक 1 से 4 तथा अध्याय 18 श्लोक 62 में परमात्मा की शरण ग्रहण करने एवं पूर्ण मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग बताया गया है। साथ ही वेदों में वर्णित उस पूर्ण परमात्मा के विषय में जानकारी दी गई, जो समस्त सृष्टि का रचनहार एवं पालनहार है। ग्रामीणों को बताया गया कि शास्त्रों के अनुसार भक्ति तभी फलदायी होती है जब वह तत्वदर्शी संत के मार्गदर्शन में की जाए। तेज धूप और अत्यधिक गर्मी के बावजूद प्रचारकों ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया तथा आध्यात्मिक पुस्तकों एवं सत्संग संदेशों का वितरण किया। अनेक ग्रामीणों ने शास्त्र आधारित ज्ञान को रुचिपूर्वक सुना और अपने जीवन में सदाचार, नशामुक्ति तथा सद्भक्ति मार्ग अपनाने का संकल्प लिया।

### सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होगा

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कहा कि शास्त्रों के प्रमाण सहित दिया गया ज्ञान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को मानव जीवन के वास्तविक उद्देश्य, ईश्वर भक्ति तथा सत्कर्मों के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस प्रकार बस्तर के विभिन्न ग्रामों में डोर टू डोर आध्यात्मिक जागृति का संदेश पहुंचाया गया।

## पूर्व किरायादार ने मोबाइल पर मकान मालिक को धमकाया

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र के आवासपारा में एक पूर्व किरायेदार द्वारा मकान मालकिन और उसके पति को सोशल मीडिया व फोन के माध्यम से गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पखांजुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। आवासपारा पखांजुर निवासी 31 वर्षीय रिंकू हालदार ने थाने में लिखित आवेदन पेश कर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि करीब 3 वर्ष पूर्व कागजनगर, जिला आदिलाबाद, तेलंगाना निवासी कपिल कीर्तनिया उनके घर में किरायेदार के रूप में रहता था। इस दौरान उसके साथ जान




पहचान हो गया। जब इस बात की जानकारी पति प्रशांत हालदार को हुई, तो उन्होंने आरोपी कपिल कीर्तनिया को तत्काल अपने घर से बाहर निकाल दिया। घर से निकाले जाने के बाद से आरोपी लगातार विवाद करने पर आमादा था। प्रार्थिया ने बताया कि अक्टूबर 2025 से आरोपी कपिल कीर्तनिया लगातार फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से उसे और उसके पति को गालियां दे रहा है। इतना ही नहीं आरोपी ने दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी है।

# आरपीएफ का ऑपरेशन अमानत सप्ताह में दूसरी बार यात्री का पता कर हजारों रुपए नकद और सामान लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन अमानत का लाभ रेल यात्रियों को मिल रहा है। जगदलपुर आरपीएफ की टीम ने एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार ट्रेन में छूटे हजारों रूपए नगद व सामान से भरे पिट्ठू बैग व भूलवश छोड़े गए बैग को वास्तविक मालिक को लौटा कर सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

■ यात्रियों ने आरपीएफ की तत्परता, ईमानदारी एवं मानवता के लिए माना आभार

आरपीएफ इंसपेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि 31 मई को हीराखण्ड एक्सप्रेस से आ रहे रेलयात्री ने कोरापुट रेलवे स्टेशन में पिट्ठू बैग भूलवश छूटने व जगदलपुर







स्टेशन में बैग प्राप्त करने सहायता मांगी गई थी। यात्री दुर्गाचरण हेम्ब्रम 58 वर्ष निवासी बेलपोसी मयूरभंज ओडिशा ने शिकायत में बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ भुवनेश्वर से कोरापुट यात्रा कर रहे थे। कोरापुट स्टेशन में जल्दबाजी में उतरते समय वे उनका पिट्ठू बैग कोच संख्या ए वन 15 में छूट गया है। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई के वेंजा कुमारी व प्रधान आरक्षक आरवीएम कुमार द्वारा कोच की जांच की गई और शिकायतकर्ता द्वारा बताए गए बैग को प्राप्त किया गया। इसकी जानकारी यात्री दुर्गाचरण को दी गई और उन्हे जगदलपुर आने कहा गया। उनके आने के बाद बैग में रखे सामान का दस्तावेज प्रस्तुत करने पर विधिवत सत्यापन व दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई। बैग में 20 हजार रूपए नगद के अलावा मोबाईल, ब्लूटूथ डिवाईस, एटीएम कार्ड, कपड़े व जरूरी सामान समेत लगभग 50 हजार रूपए का सामान था जिसे सहीं सलामत यात्री के सुपुर्द कर दिया गया। सामान मिलने पर यात्री दुर्गाचरण द्वारा आरपीएफ की तत्परता, ईमानदारी एवं मानवता के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया।

### सप्ताह भर पूर्व भी लौटाया गया था सामान

सप्ताह भर पूर्व 23 मई को भी आरपीएफ द्वारा प्लेटफार्म नम्बर एक से बैग गायब होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। बेनिरामपुर कटक ओडिशा निवासी कमला कांत दास 45 वर्ष का बैग प्लेटफार्म नम्बर एक से गायब हो गया था। शिकायत पर जगदलपुर आरपीएफ टीम द्वारा तत्काल सीसीटीवी फूटेज की मदद से मामले की जांच की गई तब पता लगा कि एक अन्य परिवार ने गलती से उनका बैग उठा लिया था। भूलवश बैग ले जाने वाले यात्री प्रवीण कुमार का पता कर उनसे बैग लेकर वास्तविक यात्री को लौटाया गया था।